पी0ओ0 संतोष कुमार पाण्डेय,
जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रथम, दरभंगा
अग्रिम जमानत आवेदन संख्या–1779/2025 आदेश दिनांक 09.03.2026

न्यायालय : जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, प्रथम, दरभंगा

अग्रिम जमानत आवेदन संख्या–1779/2025

1. रमन कुमार सहनी..आवेदक

बनाम

1. बिहार सरकार ....विपक्षी

==

आवेदक की ओर से : श्री अरूण कुमार, अधिवक्ता

विपक्षी (राज्य) की ओर से : श्री अमरेन्द्र नारायण झा, विद्वान लोक अभियोजक,

आदेश

09-03-2026

यह अग्रिम जमानत आवेदन आवेदक/अभियुक्त **रमन कुमार सहनी** की ओर **धारा–482 बीएनएसएस के अन्तर्गत बहादुरपुर थाना कांड संख्या–501/2025, अन्तर्गत धारा–87 भारतीय न्याय संहिता, में जो अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, नवम्, दरभंगा** के न्यायालय में लंबित है, में अपनी गिरफ्फतारी की आशंका से बचने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां दाखिल किया है, जो सुनवाई के लिए इस न्यायालय के संचिका में हस्तानान्तरित होकर प्राप्त हुआ। आवेदक/अभियुक्त की ओर से विद्वान अधिवक्ता **श्री अरूण कुमार** तथा विद्वान लोक अभियोजक **श्री अमरेन्द्र नारायण झा** को सुना।

प्रस्तुत अग्रिम जमानत आवेदन में आवेदक/अभियुक्त की ओर से आज एक आवेदन दाखिल कर निवेदन किया गया है कि पुलिस ने अंतिम प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है, इस कारण आवेदक इस अग्रिम जमानत आवेदन को वापस लेना चाहते है, इसलिए इस अग्रिम जमानत आवेदन को उन्हें वापस लेने की अनुमति दी जाये।

अभिलेख का अवलोकन किया, इस जमानत आवेदन में आवेदक इस अग्रिम जमानत आवेदन को वापस लेना चाहते है, उसे इस अग्रिम जमानत आवेदन को वापस लेने की अनुमति दी जाती है। आवेदक का अग्रिम जमानत आवेदन वापसी के आधार पर खारिज किया जाता है।

लेखापित एवं त्रुटिशोधित,

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम,
दरभंगा

WEB COPY